AGARWAL
DELIVERING GROWTH

# AVAILABLE FINANCE LIMITED

www.availablefinance.in

AFL/BSE/2024-25 Date: 28th October, 2024

online filing at www.listing.bseindia.com

To,
The General Manager
DCS-CRD
BSE Ltd.
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Fort
Mumbai – 400001, MH

**BSE CODE: 531310**

**Sub: Submission of Published Newspaper Clipping Regarding Loss of Share Certificate and Request for Issuance of Duplicate Shares in lieu thereof**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to **Regulation 47(1)(d) of the SEBI (LODR), Regulations 2015,** we are pleased to submit the Newspaper Clipping published by Shareholder of the Company regarding loss of share certificate of the Shareholder of the Company and request for issuance of duplicate shares in lieu thereof.

You are requested to please take on record the said information.

Thanking You,
Yours Faithfully
**For, Available Finance Limited**
SUYASH CHOUDHARY
Digitally signed by SUYASH CHOUDHARY
Date: 2024.10.28 18:22:06 +05'30'
**(Suyash Choudhary)**
**Company Secretary**
**Mem No.: A57731**

# बीमा के माध्यम से होगी शासकीय गोदामों में भंडारित अनाज के नुकसान की भरपाई

## खाद्य मंत्री की अफसरों को हिदायत,निर्णयों का हो त्वरित क्रियान्वयन

**भोपाल ,(निप्र)। जनता के हित में किये जाने वाले कार्य धरातल पर दिखने चाहिये। मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के संचालक मण्डल की बैठक में लिये जाने वाले निर्णयों का त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कर्पोरेशन के अध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत ने यह निर्देश संचालक-मण्डल की बैठक में दिये।**

राजपूत ने कहा कि मुझे निगम के कार्यों का आउटपुट नजर आना चाहिये। हमारी कोशिश रहे कि हम सब मिलकर निगम को घाटे से उभारते हुये लाभ की ओर ले जाये। श्री राजपूत ने कहा कि जनता से जुड़े हितों के संरक्षण का हमें पूरा ध्यान रखना है ताकि लोगों को योजनाओं का बराबर लाभ प्राप्त हो । मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि शासकीय गोदामों एवं उनमें रखे अनाज का बीमा इस तरह से करवायें कि किसी भी प्रकार के नुकसान पर अधिकतम भरपाई हो सके। बैठक में इसके लिये बीमा कंपनी का चयन करने के लिये वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के प्रबंधक संचालक सिबी चक्रवर्ती को अधिकृत किया गया है।

वर्षों से एक जिले में पदस्थ अधिकारियों का होगा स्थानांतण

मप्र वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के स्टॉफ के लिये वर्ष 2024 की स्थानांतरण नीति का अनुमोदन किया गया। श्री राजपूत ने कहा कि वर्षों से एक ही जिले में पदस्थ अधिकारियों को स्थानांतरित किया जाये। गृह जिले में किसी अधिकारी की पद-स्थापना नहीं करें। कर्मचारियों के स्थानांतरण उस समय करें, जब उनके बच्चों के स्कूल एडमिशन में समस्याएँ नहीं हों।

### मिलेगी प्रोत्साहन राशि

निर्णय लिया गया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित अनाज के भण्डारण में सक्रिय सहभागिता पर एक माह के मूल वेतन के बराबर प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। इससे लगभग एक हजार अधिकारी-कर्मचारी लाभान्वित होंगे। भविष्य में प्रोडक्टिविटी बेसिस पर प्रोत्साहन राशि स्वीकृत करने के संबंध में भी चर्चा हुई। दिव्यांगजनों के बैकलॉग सहित रिक्त पदों की पूर्ति के समय दिव्यांगता प्रमाण-पत्रों की जाँच जरूर की जाये।

### नियमित रूप से हो शाखाओं का निरीक्षण

मंत्री राजपूत ने कहा कि सभी शाखाओं का निरीक्षण नियमित रूप से होना चाहिये। जिनकी परफार्मेंस अच्छी नहीं हैं, उन्हें नोटिस जारी करें और जो अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्हें प्रोत्साहित करें। मुख्यालय में भी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें। बैठक में एफएक्यू गुणवतायुक्त खाद्यान्न उपार्जन के लिये ऑटोमेटिक मेकेनाइज्ड क्लीनिंग सिस्टम की स्थापना एवं मेकेनाइज्ड सेग्रीगेशन मशीन क्रय करने का निर्णय लिया गया। भण्डारण में शासकीय गोदामों की क्षमता का अधिकतम उपयोग किया जाये। वेयर हाउसिंग डेव्हलपमेंट एण्ड रेग्युलेटरी अथॉरिटी में पंजीकृत गोदामों में भण्डारण कराये जाने की अनिवार्यता में आगामी 6 माह की छूट देने का निर्णय लिया गया। बीओटी योजना में जिन गोदामों का निर्माण पूरा हो गये हैं, उन्हें निर्माण की समय-सीमा से मुक्त करते हुए गारंटी अवधि का लाभ देकर अनुबंध किया जाये।

# उपचुनाव की तैयारी,कांग्रेस ने की रायशुमारी

## विजयपुर, बुधनी के लिए मिले कई नाम पटवारी समेत कई नेताओं ने संभाल मोर्चा

भोपाल ,(निप्र)। मध्य प्रदेश के विजयपुर और बुधनी विधानसभा उपचुनाव का बिगुल बच चुका है। कांग्रेस दोनों ही सीटों पर प्रत्यासी के लिए रायशुमारी कर रही है। दोनों सीटों पर कई नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। जीतू पटवारी समेत कई नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है।

मध्य प्रदेश में खाली हुई दो विधानसभा सीटों विजयपुर और बुधनी में उपचुनाव का बिगुल बच चुका है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को तारीखों की घोषणा कर दी है। अब दोनों ही सीटों पर प्रत्याशी को लेकर घमासान मचा हुआ है। जहां बीजेपी एक सीट विजयपुर पर अपना प्रत्याशी तय कर चुकी है वहीं कांग्रेस को अभी दोनों ही सीटों में प्रत्याशी की तलाश कर रही है। कांग्रेस छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव हारने के बाद इन दोनों सीटों पर विशेष फोकस कर रही है। प्रत्याशी के चयन में इस बार कांग्रेस पार्टी कार्यकताओं और क्षेत्रीय नेताओं से रायशुमारी कर रही है और इसी आधार पर प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा। कांग्रेस के रायशुमारी में दोनों सीटों पर कई नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। चुनाव आयोग ने दोनों सीटों पर चुनावी कार्यक्रम घोषित कर दिया है। जारी चुनावी कार्यक्रम के अनुसार दोनों सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा। वही चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। 18 अक्टूबर को गजट अधिसूचना जारी होगी। जिसके बाद से चुनावी प्रक्रिया जारी हो जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर होगी। वही 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिया जा सकता है।

# रानी दुर्गावती लोक के लिए मंत्रि-परिषद समिति गठित

भोपाल ,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में ह्लरानी दुर्गावती लोकह्व योजना के निर्माण, क्रियान्वयन और अन्य संबंधित विषयों के संबंध में निर्णय के लिए 5-सदस्यीय मंत्रि-परिषद समिति का गठन किया गया है। जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, वन और पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत और संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी मंत्रि-परिषद समिति के सदस्य हैं। समिति के सदस्य सचिव पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव होंगे।

# बीना विधायक सप्रे की सदस्यता पर सस्पेंस

## विधानसभा अध्यक्ष 21 अक्टूबर को करेंगे सुनवाई

**भोपाल ,(निप्र)।** मध्य प्रदेश की विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। निर्मला सप्रे ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखित में जवाब दिया है। निर्मला ने कहा कि न तो उन्होंने कांग्रेस छोड़ी है और न बीजेपी ज्वाइन की है। उनके इस बयान से प्रदेश की सियासत में हलचल मच गई है।

दरअसल, लोकसभा चुनाव के दौरान निर्मला सप्रे ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की उपस्थिति में बीजेपी में शामिल हुई थी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने निर्मला सप्रे की सदस्यता रद्द करने की मांग की थी। इसे लेकर उमंग सिंघार ने विधानसभा में आवेदन दिया था। विधानसभा सचिवालय ने नेता प्रतिपक्ष की याचिका पर निर्मला सप्रे को नोटिस जारी किया था। निर्मला सप्रे ने विधानसभा अध्यक्ष के नोटिस का दो बार जवाब नहीं दिया था। नोटिस का जवाब नहीं देने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने एक सप्ताह का समय दिया था। निर्मला ने 10 अक्टूबर को बंद लिफाफे में उत्तर भेजा। नेता प्रतिपक्ष की याचिका पर निर्मला सप्रे ने जवाब देते हुए कहा था कि मैंने दलबदल नहीं किया है। इस मामले की सुनवाई अब विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर 21 अक्टूबर को कर सकते हैं। स्पीकर कांग्रेस से दलबदल के सबूत पेश करने को कह सकते हैं।

# अजमीढ जयंती पर फैंसी ड्रेस स्पर्धा

## खूबसूरत अंदाज में नाटिका प्रस्तुत



**विदिशा ,(निप्र)।** श्री मेरी क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला मंडल से सुचिता सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री मेरी क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा अजमीढ जयंती जी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ समाज की राधा सोनी एवं शोभा सोनी द्वारा दीप प्रज्वलित महाराज अजमीढ की आरती सभी महिलाओं ने की समाज की वरिष्ठ श्रीमती राधा घनश्याम सोनी ,श्रीमती शोभा राजन सोनी ,श्रीमती राधा राजेंद्र सोनी स्वागत सम्मान किया गया। समाज के छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया । झांसी की रानी, टीचर, राजपूतानी, पंजाबी कुड़ी परिवेश में अपनी बखूबी प्रस्तुति दी । पति परमेश्वर विषय पर महिला होने अपनी खूबसूरत अंदाज में नाटिका एवं प्रस्तुत किये । खुशबू सोनी, सीमा सोनी , रेखा सोनी ,सपना सोनी ,अनुज सोनी ,सीमा सोनी ,रुपाली सोनी ,सीमा गोपाल सोनी ,राधा सोनी, सिंपल सोनी ,मिशिका सोनी प्रतियोगिता में भाग लेकर खूबसूरत प्रस्तुति दि । कार्यक्रम की सूत्रधार सुचिता प्रकाशचंद सोनी यह जानकारी दी एवं संचालन एक माला में पिरोकर किया भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती मंजरी संजय जैन द्वारा सभी प्रतिभागी प्रतियोगिता के पुरस्कृत किया गया।

# उप-मुख्यमंत्री शुक्ल को आष्टा विधायक ने सौपा मांग पत्र



**आष्टा ,(निप्र)।** सीहोर-इछावर में विभिन्न निर्माण कार्यों के लोकार्पण अवसर पर आये मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के सीहोर आगमन पर आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में भेंट कर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से आष्टा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न कार्यों की स्वीकृति को लेकर एक मांग पत्र सोपा । विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि आज सीहोर आगमन पर मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल से मुलाकात कर उन्हें आष्टा में ट्रामा सेंटर, मैना भंवरा, निपानिया, सेवदा में प्राथमिक स्वास्थ केंद्र स्वीकृति,एडवांस लाइफ स्पोर्ट एम्बुलेंस,मॉडयूलर ओटी, सीएसएसडी भवन का नवीन निर्माण,लाउंड्री भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने हेतु मांग पत्र सौंपा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पूर्व मे नाम सय्यद नासिर अली पिता सय्यद रिफाकत अली ( SAIYED . NASIR. ALI . S / O SAIYED. RIFAQUAT. ALI . ) था। अब मेरा नाम सय्यद नासिर अली पिता सय्यद रिफाकत अली ( SYED. NASIR . ALI . S/O SYED. RIFAKAT. ALI. ) हो गया है । अतः मुझे मेरे इसी नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

पताः - मकान नंबर 276 , वार्ड नंबर 4 सिलमपुरा, बुरहानपुर ( म.प्र. ) पिन कोड -450331

**ADVERTISEMENT**
**AVAILABLE FINANCE LIMITED (Company)**
**Registered Office: Agarwal House, 5 Yeshwant Colony, Indore, Madhya Pradesh, 452003**
**ANKIT CONSULTANCY PVT LIMITED (RTA)**
**Registered Office: 60, Electronic Complex Pardeshipura Indore MP 452010 MP IN**

Notice is hereby given that the Certificate(s) for the under mentioned Equity Shares of the Company have been lost/ misplaced and the holder(s)/ purchaser(s) of the said Equity Shares have applied to the Company to issue duplicate Share Certificate(s).

Any person who has a claim in respect of the said shares shall lodge the same with the Company at its Registered Office or with the Company's Registrar and Share Transfer Agent viz. Ankit Consultancy Pvt Ltd (Address:- 60, Electronic Complex Pardeshipura Indore MP 452010 MP IN) within 15 days from this date else the Company will proceed to issue duplicate certificate(s) to the aforesaid applicants without any further intimation.

| Name of holder | Folio no. | Certificate no. | Distinctive no. | No. of shares |
|---|---|---|---|---|
| SHRIKANT VADNERE | 535 | 48400-48419 | 4839901-4841900 | 2000 |

**Name of Share Holder :- SHRIKANT VADNERE**
**Address:- S/o Padmakar Vadnere 49 Narayan Bagh Opp Dutta Mandir Indore MP 452006**

**Place:- Indore**
**Date:- 15/10/2024**

# बुधनी -विजयपुर में आचार संहिता लागू

**भोपाल ,(निप्र)।** मध्य प्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। बुधवार को राजधानी भोपाल में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने श्योपुर जिले की 02-विजयपुर विधानसभा और सीहोर जिले की 156- बुदनी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिए 15 अक्टूबर को तारीख की घोषणा की गई। उप चुनाव के तारीखों की घोषणा के साथ ही श्योपुर और सीहोर जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद मनावर जिला धार (म.प्र.)

**Office of Municipal Council, Manvar, District Dhar, (MP)**
दूरभाष (कोड-0794) 232246 फेक्स 233240 Email-cmomanawar@mpurban.gov.in

क्रमांक 3333/2024 मनावर दिनांक 16/10/2024

## विज्ञप्ति

**एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मनावर के वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक में स्थित आबादी क्षेत्र एवं वैध कालोनियों के भूमि/भूखंड/भवनों के नामांतरण किये जाने हेतु कार्यालय में आवेदन प्राप्त हुए है। जिनमें विधिवत कार्यवाही की जाकर नामान्तरण विज्ञप्ति जारी की जा रही है। जिस किसी व्यक्तियों को किसी प्रकार की आपत्ति हो, वे विज्ञप्ति जारी होने के 30 दिवस के अन्दर मय दस्तावेजों के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि खत्म होने के पश्चात प्राप्त आपत्ति आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाकर आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा। सूचित होवे।**

## नामान्तरण सूची

| क्र. | हस्ताक्षरकर्ता के नाम | हस्तान्तरितों का नाम | वार्ड क्रमांक | मोहल्ला/कालोनी का नाम | भूमि/भूखंड / भवन | दस्तावेजों का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 01 | श्रीमती केसरबाई पति शांतिलाल जाति भिलाला निवासी मनावर | श्री संजय पिता शांतिलाल मंडलोई जाति भिलाला निवासी मनावर | 03 | ग्रीन गार्डन कालोनी से अंदर | भवन | रजिस्टर्ड वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं बी-1 पी-2 खसरे की कापी के आधार पर |
| 02 | कुमारी रत्नप्रभा पिता नारायण प्रसाद गुप्ता जाति महाजन निवासी मनावर | श्री सचिन पिता बाबुलाल सेन जाति नाई निवासी ग्राम लोहारी तह.कुक्षी | 03 | मधुवन कालोनी | भवन | बिक्री रजिस्ट्री एवं नगर पालिका प्रमाण के आधार पर |
| 03 | श्री रामलाल पिता पूनमचंद सोनी जाति सुनार निवासी विनोबा मार्ग मनावर | श्री विजय कुमार पिता रामलाल सोनी व भगवती बेवा अमोलकचंद सोनी जाति सुनार निवासी विनोबा मार्ग मनावर | 13 | विनोबा मार्ग | भवन | मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिका प्रमाण एवं वंशानुगत के आधार पर |
| 04 | श्री हीराचंद पिता बिजेलाल जैन जाति जैन निवासी पटेल कालोनी मनावर | श्री मनोज कुमार एवं संदीप कुमार पिता रमेशचंद्र जैन जाति जैन निवासी पटेल कालोनी मनावर | 10 | जवाहर मार्ग | भवन | रजिस्टर्ड वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिका प्रमाण एवं वंशानुगत के आधार पर |
| 05 | श्री वाहिद खान नजमुन बी मेहरू निशा पिता मोहम्मद हुसैन व रसीदा पति स्व. अता मोहम्मद खान जाति मुसलमान निवासी मनावर | श्रीमती नूरबानो पति स्व. न्याज मोहम्मद खान जाति मुसलमान निवासी मनावर | 13 | विनोबा मार्ग | भवन | बिक्री रजिस्ट्री नामांतरण प्रमाण के आधार पर |
| 06 | श्री हीराचंद पिता बिजेलाल जैन जाति जैन निवासी पटेल कालोनी मनावर | श्री मनोज कुमार एवं संदीप कुमार पिता रमेशचंद्र जैन जाति जैन निवासी पटेल कालोनी मनावर | 11 | भगतसिंह मार्ग | भवन | रजिस्ट़र्ड वसीयतनामा मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिका प्रमाण एवं वंशानुगत के आधार पर |
| 07 | श्रीमती सजनबाई बेवा रतनलाल जोहर जाति लोहार निवासी मनावर मनावर | श्री कैलाश पिता जगन्नाथ जोहर जाति लोहार निवासी मनावर | 10 | भगतसिंह मार्ग | भवन | रजिस्ट़र्ड वसीयतनामा मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिका प्रमाण के आधार पर |
| 08 | श्री हीराचंद पिता बिजेलाल जैन जाति जैन निवासी पटेल कालोनी मनावर | श्री मनोज कुमार एवं संदीप कुमार पिता रमेशचंद्र जैन जाति जैन निवासी पटेल कालोनी मनावर | 11 | पटेल मार्ग | भवन | रजिस्टर्ड वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिका प्रमाण एवं वंशानुगत के आधार पर |
| 09 | श्रीमती खेरून बी पति रसीद शाह जाति मुसलमान निवासी मनावर | श्री रसीद पिता कादर शाह जाति मुसलमान निवासी मनावर | -02 | आजाद मार्ग | भवन | मृत्यु प्रमाण नगर पालिका प्रमाण एवं वंशानुगत के आधार पर |
| 10 | श्री सजाउद्दीन पिता वजीरअली जाति मुसलमान निवासी मनावर | श्रीमती सकीना बी बेवा सजाउद्दीन मुल्तानी जाति मुसलमान निवासी मनावर | -01 | सिंघाना रोड | भवन | मृत्यु प्रमाण नगर पालिका प्रमाण एवं वंशानुगत के आधार पर |
| 11 | श्रीमती मरीयम बी पति हाजी इब्राहीम खत्री जाति मुसलमान निवासी ग्राम बाग तह कुक्षी | श्री इदरीश पिता इस्माइल खत्री जाति जाति मुसलमान निवासी ग्राम बाग तह. कुक्षी | -11 | जवाहर मार्ग | भवन | रजिस्टर्ड दान पत्र नगर पालिका प्रमाण के आधार पर |
| 12 | श्री कैलाश स्व. अनिल, सुदर्शन एवं चंदनबाला रानी पिता सूरज मल जैन जाति जैन निवासी मनावर | श्री कैलाश सरिता बेवा अनिल सुदर्शन एवं चंदनबाला रानी पिता सुरजमल जैन जाति जैन निवासी मनावर | 10 | वल्लभभाई पटेल मार्ग | भवन | मृत्यु प्रमाण पत्र नामांतरण प्रमाण एवं वंशानुगत के आधार पर |
| 13 | श्री मोतीलाल पिता मांगीलाल कुशवाह जाति काछी निवासी मनावर | श्रीमती लक्ष्मी पति देवीशंकर कुशवाह जाति काछी निवासी मनावर | 13 | विनोबा मार्ग | भवन | बिक्री रजिस्ट्री के आधार पर |
| 14 | श्री अनिल कुमार पिता फत्तेलाल सोनी जाति सुनार निवासी मनावर | श्री नारायण पिता फत्तेलाल सोनी जाति सुनार निवासी मनावर | 10 | वल्लभभाई पटेल मार्ग | भवन | रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र एवं नगर पालिका प्रमाण पत्र के आधार पर |
| 15 | श्री छोटे खां पिता रहीम बक्ष जाति मुसलमान निवासी सिंघाना रोड मनावर | श्रीमती रजिया पिता फजलुरेहमान खान जाति मुसलमान निवासी सिंघाना रोड मनावर | 02 | सिंघाना रोड | भवन | बिक्री रजिस्ट्री मृत्यु प्रमाण पत्र एवं बी-1, पी-2 खसरे की कापी के आधार पर |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मनावर जिला धार (मप्र)**